(2)

राजस्थान–सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर पिड़ावा

क्रमांकः– कोर्ट/प्रार्थना पत्र/22/2020/ दायर दिनांक 11.05.2020

उनवानः– राकेश कुमार बनाम सरकार

–: आदेश :–

प्रार्थी राकेश कुमार पुत्र केवलचन्द जैन जाति जैन निवासी पिड़ावा द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्र अनुसार ग्राम पिड़ावा की आराजी खसरा नम्बर 1133 रकबा 0.2023 हेक्टर, खसरा नम्बर 1134 रकबा 0.0126 हेक्टर, खसरा नम्बर 1135 रकबा 0.0885 हेक्टर कुल किता 3 रकबा 0.3034 हेक्टर प्रार्थी के खाते दर्ज है।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में तहसीलदार पिड़ावा से जांच रिपोर्ट ली गई जांच रिपोर्ट अनुसार खसरा नंम्बर 1133 ग्राम पिड़ावा की आराजी पर खातेदार राकेश कुमार पुत्र केवलचन्द जैन नि0 पिड़ावा का कब्जा दक्षिण पश्चिम दिशा मे रकबा 0.2023 है0 पर एवं पडोसी खातेदार चन्द्रकांता/धनसिंह जैन नि0 पिड़ावा का कब्जा उत्तर पूर्व दिशा मे रकबा 0.3162 है0 पर है। तहसील ऑनलाइन (DILRMP) होने के बाद उक्त खसरा नम्बरान की तरमीम विपरीत दिशा मे हो गई है, जो मौके अनुसार सही नही हैं। मौका व जमाबन्दी रेकार्ड अनुसार खसरा नम्बर 1133 रकबा 0.2023 हेक्टर की तरमीम दक्षिण पश्चिम दिशा मे तथा ख0न0 2020/1133 रकबा 0.3162 हेक्टर की उत्तर पूर्व दिशा मे तरमीम शुद्ध करने की अनुशंषा प्राप्त है।

अतः प्रार्थी के तरमीम दुरूस्ती प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार पिड़ावा, हल्का पटवारी व भू–अभिलेख निरीक्षक की रिपोर्ट तथा रेकार्ड के आधार पर राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अनुसरण में ग्राम पिड़ावा तहसील पिड़ावा जिला झालावाड़ की जमाबन्दी सम्वत् 2074–2077 मे खसरा नम्बर 1133 रकबा 0.2023 हेक्टर की तरमीम दक्षिण पश्चिम दिशा मे तथा ख0न0 2020/1133 रकबा 0.3162 हेक्टर की उत्तर पूर्व दिशा मे रेकार्ड पर तरमीम शुद्ध किये जाने की आज्ञा एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

न्यायालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट पिड़ावा (राज.)

(श्रवणसिंह)
उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा
उपखण्ड अधिकारी
जिला झालावाड़
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज॰)

क्रमांकः– राजस्व/2020/581-82 दिनांक 18/05/2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ व पालनार्थ हेतु प्रेषित हैः–

1. तहसीलदार पिड़ावा को भेजकर लेख है कि आदेशानुसार राजस्व रेकार्ड नक्शे में तरमीम किये जाने हेतु।
2. प्रार्थी श्री राकेश कुमार पुत्र केवलचन्द जैन निवासी पिड़ावा को सूचनार्थ।

(श्रवणसिंह)
उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा
उपखण्ड अधिकारी
जिला झालावाड़
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज॰)

Scanned with CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Shrawan Singh
Date: 2020.06.08 14:26:00 IST
Reason: SelfAttested